an>

Title: Need to make government and private land free from encroachment in Banda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) में भू-माफियों द्वारा पूरे बुन्देलखण्ड की तरह सरकारी एवं निजी जमीनों पर कब्जा करने का अभियान चला रखा है। जो भी जमीन खाली व कीमती होती है, उस पर कब्जा करने की योजना बन जाती है। विवादित जमीनों को भी आधी कीमत में रजिस्ट्री कराकर अपने नाम कर गरीबों को बेघर किया जा रहा है। इस हेतु स्थानीय अधिकारियों से साँठ-गाँठ कर एक ही वर्ग व जाति के लेखपालों की नियुक्ति जिला मुख्यालय व आस-पास के गाँवों में जो शहर से लगते हैं, की जाती है। सैंकड़ों जमीनों पर कब्जा किया गया है व बाकी को कब्जाने की योजना है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सरकारी एवं गरीबों की जमीनों को बचाने तथा दोषियों को दण्डित कराने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए।